सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 282 | इंदौर, बुधवार 29 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## काशी विश्वनाथ मंदिर में पीएम मोदी ने की विशेष पूजा, बच्चों से भी की मुलाकात



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को काशी विश्वनाथ मंदिर विशेष पूजा की. पीएम मोदी के वाराणसी दौरे का ये दूसरा दिन रहा, जहां वह वाराणसी में जगह-जगह बनाए गए स्वागत गेट से गुजरते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे. यहां से पूजन के बाद पीएम मोदी ने बच्चों से मुलाकात की और फिर वह गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के लिए हरदोई जा रहे हैं.

पीएम मोदी जब मंदिर परिसर में दाखिल हुए तब पूरे मंदिर में वेदमंत्र गूंज रहे थे. इस दौरान कई पुजारी पंक्ति में खड़े होकर डमरू वादन कर रहे थे. पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर मंदिर के मुख्य द्वार से परिसर में प्रवेश किया और उन्होंने स्वागत करने वाले पुजारियों का विशेष आभार भी जताया.

इसके बाद पीएम मोदी मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे और बाबा विश्वनाथ के ज्योतिर्लिंग के सामने बैठ गए. इस दौरान मंदिर के विशेष पुजारियों ने विधान के तहत पीएम मोदी के हाथ धुलवाए और पवित्रता मंत्र पढ़कर उन्हें अनुष्ठान के लिए संकल्प कराया. इसके बाद षोडशोपचार पूजा पद्धति से भगवान विश्वनाथ की पूजा शुरू हो गई.

इस दौरान पीएम मोदी के मस्तक पर पुजारीजी ने चंदन लेपन किया. पीएम मोदी ने मंत्रों के साथ एक-एक विधि का पालन करते हुए पूजन किया. पीएम मोदी ने बाबा विश्वनाथ की षोडशोपचार पद्धति से पूजा की. उन्होंने इस पद्धति के तहत पहले देवता का आह्वान किया. फिर उन्हें पाद्य और अर्घ्य दिया. इस तरह अलग-अलग क्रम से उन्होंने सभी रीतियों का पालन करते हुए भगवान बाबा विश्वनाथ का अभिषेक गंगाजल , हल्दी जल, अक्षत, दूध से किया. इसके बाद उन्होंने बाबा विश्वनाथ को मंदार माला भी चढ़ाई. पूजा के बाद पीएम मोदी ने पंचदीप से आरती की. इसके बाद उन्होंने प्रदक्षिणा की.

## 19 राज्यों में भारी बारिश, आंधी चलेगी और ओले भी गिरेंगे

### IMD ने जारी की रेड अलर्ट जैसी स्थिति



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने तपती गर्मी के बीच देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक हल्की से मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में धूल भरी आंधी व बारिश की संभावना है। वहीं, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है।

मौसम विभाग के द्वारा 29 अप्रैल को जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, 29 अप्रैल से 4 मई के बीच जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 29-30 अप्रैल और फिर 2-4 मई के बीच गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। विशेष रूप से 29 अप्रैल को पंजाब और हरियाणा में 50-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। राजस्थान के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 29 अप्रैल को भीषण धूल भरी आंधी चलने की प्रबल संभावना है।

**मप्र कैबिनेट बैठक**

# 38,901 आंगनवाड़ी भवन होंगे 'रोशन', विकास कार्यों के लिए 26,800 करोड़ की मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास, किसानों और सामाजिक कल्याण से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़ी घोषणाएं की और विकास कार्यों के लिए करोड़ों का बजट मंजूर किया। कैबिनेट बैठक में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों के लिए 26,311 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह मंजूरी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की अवधि के लिए दी गई है। इस राशि का उपयोग सड़कों के नवीनीकरण, सरकारी भवनों के निर्माण और मरम्मत, आवासों के रखरखाव और जमीन अधिग्रहण के मुआवजे जैसे कामों में किया जाएगा। सरकार ने अलग-अलग कामों के लिए बजट तय किया है। इसमें कार्यालय और भवनों के निर्माण व रखरखाव के लिए 6,180 करोड़ रुपये, सड़क निर्माण और विकास के लिए 6,925 करोड़ रुपये, सरकारी आवास और भवनों की मरम्मत के लिए 1,680 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के लिए 6,500 करोड़ रुपये और जिला और मुख्य सड़कों के नवीनीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये बजट तय किया है। इसके अलावा भारतीय सड़क कांग्रेस को अनुदान और अन्य भुगतान के लिए 25 करोड़ 50 लाख रुपये भी मंजूर किए गए हैं। सरकार का कहना है कि इस फैसले से प्रदेश में सड़क नेटवर्क मजबूत होगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी।



### 38,901 आंगनवाड़ी भवनों में बिजली व्यवस्था

भोपाल में हुई कैबिनेट बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत प्रदेश के 38,901 आंगनवाड़ी भवनों में बिजली कनेक्शन लगाने के लिए 80 करोड़ 41 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू रहेगी। प्रदेश में कुल 97,882 आंगनवाड़ी केंद्रों में से जिन भवनों में अभी बिजली नहीं है, वहां यह सुविधा दी जाएगी। बिजली लगने के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों में पंखा, बल्ब, कूलर, स्मार्ट टीवी और वाटर प्यूरीफायर जैसी सुविधाएं बेहतर तरीके से चल सकेंगी। इससे बच्चों को पढ़ाई और देखभाल के लिए बेहतर और आरामदायक माहौल मिलेगा। सरकार का कहना है कि इस कदम से आंगनवाड़ी सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी और बच्चों को शुरुआती शिक्षा बेहतर वातावरण में मिल सकेगी।

### ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाकर 10 हजार की

बैठक में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रगृह योजना-2005 में संशोधन को मंजूरी दी है। संशोधन के अनुसार अब हर साल कुल 100 नए विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिनमें 50 सीटें स्नातक और 50 सीटें स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित की गई हैं। पहले से योजना का लाभ ले रहे विद्यार्थियों को उनके कोर्स की अवधि पूरी होने तक सहायता मिलती रहेगी। सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए छात्रवृत्ति राशि को 1,550 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति माह कर दिया है। योजना का लाभ लेने के लिए यह जरूरी होगा कि विद्यार्थी पिछड़ा वर्ग पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र हो और उसके अभिभावकों की वार्षिक आय सरकार द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर हो।

### शाजापुर की लखुंदर सिंचाई परियोजना को स्वीकृति

कैबिनेट ने शाजापुर जिले की लखुंदर उच्च दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 155 करोड़ 82 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से शाजापुर जिले की शाजापुर तहसील के 17 और उज्जैन जिले की तराना तहसील के 7 गांवों सहित कुल 24 गांवों को लाभ मिलेगा। इससे लगभग 9,200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के तहत लखुंदर नदी पर शाजापुर जिले के मक्सी के पास बने जलाशय से 24.37 मिलियन घन मीटर पानी का उपयोग कर खेतों तक सिंचाई पहुंचाई जाएगी।

### भोपाल और रीवा मेडिकल कॉलेज में बढ़ेगी सुविधाएं

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी निर्णय लिया। इसमें धी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के पीजी सीट विस्तार और आधुनिक सुविधाओं  स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत रेडियोथैरिपी विभाग की ओ.पी.डी, लीनियक मशीन बंकर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट और कैथलैब का निर्माण कार्य के लिए 14 करोड़ 8 लाख रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने के साथ 79 करोड़ 16 लाख रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं रीवा के श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विस्तार के लिए बजट बढ़ाकर 174.80 करोड़ रुपये किया गया है। इन फैसलों से प्रदेश में मेडिकल शिक्षा और इलाज सुविधाएं और मजबूत होंगी।

# हुगली में TMC और ISF कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट

### हावड़ा में EVM खराब होने पर हंगामा, 2 हिरासत में; नादिया में BJP एजेंट पर हमला

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है। सुबह 9 बजे तक 18.39% वोटिंग हो चुकी है। मतदान के लिए सुबह 5.30 बजे से ही लोग बूथों पर पहुंचने लगे थे। ज्यादातर बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइन लगी है।



हुगली जिले के खानकुल में बूथ पर नकली पोलिंग एजेंट बैठाने को लेकर TMC और ISF समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। नादिया के छपरा में BJP एजेंट ने TMC कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। वहीं हावड़ा के बाली में EVM में गड़बड़ी की बात को लेकर हंगामा हो गया। CRPF जवानों ने दो लोगों को हिरासत में लिया। 2021 के विधानसभा चुनाव में TMC ने इन 142 में से 123 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93% मतदान हुआ था। 4 मई को रिजल्ट आएंगे।

# नशे के खिलाफ सभी कॉलेजों में 'नशा मुक्ति समितियों' का होगा गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी, आबकारी सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी अन्य अधिकारी मौजूद थे।**



बैठक में बताया गया कि जिले में नशा मुक्ति अभियान को व्यापक, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि अवैध नशे के विरुद्ध मल्टी-प्रोंग रणनीति के तहत आबकारी विभाग, पुलिस एवं एनसीबी के डाटा के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जन-जागरूकता को मजबूत करने के लिए जिले के सभी कॉलेजों में "नशा मुक्ति समितियों" का गठन किया जाएगा। इन समितियों में विद्यार्थी एवं फैकल्टी शामिल रहेंगे, जो कैंपस में नशे से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखेंगे तथा प्रभावित छात्रों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई बाहरी व्यक्ति कॉलेज परिसर में ड्रग्स की बिक्री करने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी, जिससे समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके। ऐसे स्कूल-कॉलेज जहाँ पूर्व से समितियां गठित है, उन्हें सक्रिय कर उनके कार्यों को परिणाममूलक बनाया जाएगा। नवगठित समितियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

साथ ही कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नशीले केमिकल की बिक्री और उपयोग पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में नशा मुक्ति को लेकर समितियों का गठन किया जाए और जहां समितियां अभी तक नहीं बनी हैं, वहां जल्द उनका गठन सुनिश्चित किया जाए। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी कहा कि पुनर्वास केंद्रों में रह चुके बच्चों से उनकी स्थिति और समस्याओं के बारे में जानकारी ली जाए तथा यदि उन्हें दोबारा किसी प्रकार की परेशानी आती है तो उनकी हर संभव सहायता की जाए। इस अभियान में एनजीओ और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सामूहिक प्रयासों से नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बैठक में ड्रग माफिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रासायनिक कंपाउंड्स की निगरानी पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि ऐसे कंपाउंड्स, जिनका उपयोग ड्रग्स बनाने में किया जाता है, उन्हें एनडीपीएस एक्ट के दायरे में लाने और उनकी कड़ी निगरानी के लिए आवश्यक कानूनी प्रावधानों पर कार्य किया जाएगा। जिन रसायनों का नियमन पहले से है, उनके साथ-साथ अन्य कंपाउंड्स को भी विधिक प्रक्रिया के तहत नियंत्रित करने के प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# चार माह का मासूम छह साल की चचेरी बहन की गोद से पलंग से गिरा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर क्षेत्र में चार माह के मासूम की चचेरी बहन की लापरवाही की वजह से मौत हो गई। छह साल की चचेरी बहन मासूम रियाश को गोद में लेकर पलंग पर बैठी थी। अचानक गोद से मासूम का संतुलन बिगड़ा और वह तीन फीट ऊंचाई के पलंग से गिर पड़ा। रियाश सिर के बल गिरा और जोर-जोर से रोने लगा। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। परिवार के लोग घबरा गए और उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

यह घटना आजाद नगर की भील कॉलोनी में हुई। मासूम रियाश को उसकी चचेरी बहन गोद में लेकर बैठी थी। रियाश गोद में खेल रहा था। इस बीच बहन के हाथ से मासूम छूट गया और सीधे जमीन पर गिरा। तब मासूम की मां बाथरूम में थी। दूसरे परिजन पास के कमरे में थे। बहन दौड़ती हुई बाहर आई और रियाश के गिरने के बारे में बताया। परिजन दौड़े और रियाश को उठाया। कुछ देर रोने के बाद वह बेहोश हो गया था। परिजन उसे एमवाय अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच की तो मासूम की सांस नहीं चल रही थी। कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत गिरने की वजह से हुई थी। इस कारण अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और मासूम के पोस्टमार्टम की बात कही। परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हादसे के कारण मौत हुई है, इसलिए पोस्टमार्टम आवश्यक है।रियाश का चार साल का एक बड़ा भाई है। पिता राजकुमार निजी कंपनी में काम करते हैं। मासूम की मौत के कारण परिजन सदमे में है।

# अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से किया समस्याओं का निराकरण

## जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों को वितरित किया गया शीतल पेयजल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं एवं आवेदन लेकर पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।



जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता, रोजगार तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उसका शीघ्र निराकरण किया जाए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य एवं नवजीवन विजय पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में त्वरित निराकरण की कार्रवाई की। अधिकारियों ने आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए नागरिकों को वातानुकूलित (एसी) कक्ष में बैठाने की व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें गर्मी एवं उमस से राहत मिल सके और वे सहज वातावरण में अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

इसके साथ ही जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई को व्यवस्थित, सुगम एवं जनहितकारी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

# हर महीने डॉग बाइट के 15 हजार केस : वैक्सीन लगवाने में देरी न करें - डॉ. जड़िया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में डॉग बाइट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। अकेले लाल अस्पताल में प्रतिमाह 5 हजार मामले सामने आ रहे हैं। अनुमान है कि शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों को मिलाकर यह संख्या 15 हजार के पार है। चिकित्सकों के अनुसार डॉग विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बना रहे हैं। गर्मी के कारण इन मामलों में भारी वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का परामर्श है कि सुरक्षित रहने के लिए घटना के तुरंत बाद वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है। प्रशासन ने रेबीज के इंजेक्शन हेतु जिले में 26 स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्था की है। ग्रामीण क्षेत्रों में देपालपुर, अटाहेड़ा, गौतमपुरा, बेटमा, हातोद, कम्पेल, खुर्द, महू, मानपुर, हास्सलपुर, गवली पलासिया, सिमरोल, सिविल अस्पताल महू, सांवेर, चंद्रावतीगंज, पालिया, डकाच्या और क्षिप्रा में यह सुविधा है। शहरी क्षेत्र में मल्हारगंज, राजेंद्र नगर, एमओजी लाइन, जिला चिकित्सालय, नंदा नगर, बाणगंगा, संयोगितागंज, खजराना और पीसी सेठी अस्पताल में टीके उपलब्ध हैं। डॉक्टरों के मुताबिक सभी जगह से लोग वैक्सीन लगवाने के लिए लाल अस्पताल ही आते हैं। यदि सभी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण हो तो लाल अस्पताल पर बढ़ता बोझ कम हो सकता है और मरीजों को लंबी कतारों से मुक्ति मिल सकती है।

शासकीय हुकुमचंद अस्पताल के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीण जड़िया ने बताया कि उनके अस्पताल में हर महीने लगभग 5000 केस आ रहे हैं। पूरे शहर का आंकड़ा 10 से 15 हजार या उससे अधिक हो सकता है। गर्मी में बढ़ते मामलों पर उन्होंने कहा कि अत्यधिक तापमान के कारण डॉग्स के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है, जिससे उनके काटने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।

डॉक्टर जड़िया के अनुसार कोई भी वैक्सीन शत प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी नहीं होती, लेकिन सही समय पर उपचार बचाव का एकमात्र तरीका है। अस्पताल में कैटेगरी तीन के मरीजों के लिए इम्यूनोग्लोबुलिन भी उपलब्ध है। यदि घाव गहरा हो तो मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। कई बार इलाज में देरी या शेड्यूल पूरा न करने के कारण संक्रमण का खतरा बना रहता है। घटना होने पर प्रभावित स्थान को बहते पानी और डिटर्जेंट साबुन से 10 से 15 मिनट तक धोना चाहिए। डॉक्टर ने स्पष्ट किया कि घाव पर चूना, हल्दी या मिर्च लगाना पूर्णतः गलत है। इंदौर में 26 स्थानों पर एंटी रेबीज वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध है। लाल अस्पताल में इम्यूनोग्लोबुलिन भी मुफ्त लगाया जाता है। हुकुमचंद पॉलीक्लीनिक यानी लाल अस्पताल वर्ष के 365 दिन 24 घंटे खुला रहता है। अवकाश और रविवार के दिन टीकाकरण का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहता है। डॉक्टर ने अपील की है कि छुट्टी का सोचकर उपचार में देरी न करें, क्योंकि जितनी जल्दी इंजेक्शन लगेगा, जीवन उतना ही सुरक्षित रहेगा।

# सोनम रघुवंशी को शिलॉन्ग कोर्ट से मिली जमानत

## हनीमून पर करवाई थी पति की हत्या, जेल से आएगी बाहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक अहम मोड़ सामने आया है। मामले की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी को कोर्ट से जमानत मिल गई है। यह फैसला मेघालय के शिलॉन्ग स्थित अदालत ने सुनाया है जहां इस केस की सुनवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक कोर्ट में हुई चौथी सुनवाई के दौरान सोनम को यह राहत दी गई।**

इंदौर में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि शिलॉन्ग के वकील से उनकी बात हुई है। सोनम को जमानत कल ही मिल चुकी है। हो सकता है आज सोनम को जेल से छोड़ दिया जाए। वहां के डीएसपी दास सर ने भी बताया कि सोनम को जमानत मिल गई है। विपिन ने कहा कि हम हाई कोर्ट में अपील करेंगे, ताकि सोनम की इस जमानत को निरस्त किया जा सके। राज कुशवाहा की जमानत अर्जी भी लगाई गई है। अगर मुझे पेशी के लिए बुलाया जाता तो मैं जरूर जाता। इससे पहले बलबीर और तोमर को बरी किया गया था, तब मुझसे पूछा गया था कि क्या मुझे कोई आपत्ति है। मैंने कहा था कि किसी निर्दोष को नहीं फंसना चाहिए, इसलिए मुझे उनकी रिहाई से कोई आपत्ति नहीं थी। विपिन ने बताया कि सोनम को शिलॉन्ग में ही रहने के लिए कहा गया है। हमारी तरफ से कोई चूक नहीं हुई। वकील और पुलिस की तरफ से चूक हुई है। राजा की मां ने कहा कि सोनम को जमानत मिल गई है। इसमें उसके घरवाले मिले हुए हैं। मेरे बच्चे की हत्या करके उसे जमानत कैसे मिल सकती है? आज मुझे यकीन हो गया कि कानून अंधा होता है। इसमें हमारा वकील भी मिला हुआ है, वह भी बिक गया है। हमें अभी तक बताया नहीं गया था। हम लोगों को इंसाफ नहीं मिला। हम कानून के भरोसे बैठे थे कि आज नहीं तो कल इंसाफ मिलेगा। हमारे बच्चे की इतनी बेरहमी से हत्या की गई। इसके बाद भी इंसाफ नहीं मिला। मुझे इस बात का बहुत दुख है कि उसे जमानत मिल गई। मुझे कभी नहीं लगा था कि सोनम इतनी जल्दी छूट सकती है। उन लोगों ने अंदर ही अंदर कुछ खेल किया है।





### ● 10 दिन बाद मिला था राजा का शव

करीब दस दिन बाद पुलिस ने एक गहरी खाई से राजा रघुवंशी का शव बरामद किया था। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला था और उस पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। उस समय सोनम लापता थी लेकिन बाद में उसने उत्तर प्रदेश में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

### ● केस में इन लोगों को बनाया गया आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया कि सोनम के साथ इस मामले में अन्य लोगों की भी भूमिका थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आकाश, आनंद और विशाल नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि सोनम के राज कुशवाहा नाम के व्यक्ति से संबंध थे हालांकि उसके परिवार ने इन आरोपों को नकार दिया था। बताया जाता है कि सोनम ने राजा को घूमने के बहाने एक सुनसान इलाके में ले जाया जहां पहले से मौजूद अन्य आरोपियों ने मिलकर उस पर हमला किया। धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात में इस्तेमाल किया गया एक हथियार बाद में जंगल से बरामद भी किया गया था।

### शिलॉन्ग जेल में बंद है सोनम

सोनम रघुवंशी फिलहाल शिलॉन्ग की जेल में बंद थी। जमानत मिलने की जानकारी राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने दी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी बातचीत शिलॉन्ग में केस देख रहे वकील से हुई है। वकील के अनुसार सोनम को एक दिन पहले ही जमानत मिल चुकी थी और अब उसे किसी भी समय जेल से रिहा किया जा सकता है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोर्ट ने सोनम को जमानत दे दी है।

### बचाव पक्ष की दलीलें

जमानत मिलने के कारणों पर बात करते हुए विपिन रघुवंशी ने बताया कि सोनम के वकील ने अदालत में यह तर्क रखा था कि जब उसे उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से हिरासत में लिया गया था तब पुलिस ने स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया था कि उसे किस मामले में पकड़ा जा रहा है। इसी आधार पर बचाव पक्ष ने अपनी दलीलें पेश कीं जिन्हें कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

### 23 मई 2025 को हुई थी हत्या

गौरतलब है कि राजा रघुवंशी की हत्या 23 मई 2025 को हुई थी। राजा एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी थे और उनकी शादी सोनम रघुवंशी से 11 मई 2025 को ही हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद 21 मई को दोनों हनीमून के लिए मेघालय के शिलॉन्ग पहुंचे थे। इसी दौरान 23 मई को दोनों के लापता होने की खबर सामने आई थी।

# बस ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नावदा पंथ इलाके में सोमवार रात एक सड़क हादसे में दंपती घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए एमवाय लेकर आया गया। यहां पत्नी की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों पीथमपुर में परिचित से रुपए लेने गए थे। हालांकि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक विकास पुत्र शिवचरण राठौर निवासी ग्राम बारोली अपनी पत्नी पूजा के साथ पीथमपुर निजी काम से गए थे। रात में नावथा पथ ब्रिज के यहां पर उन्हें सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दोनों को उपचार के लिए एमवाय में भेजा गया। यहां विकास की मौत हो गई। विकास स्कूल की बस चलाते थे। दंपती के दो बच्चे हैं। इस हादसे में दूसरे बाइक सवार को भी चोट आई थी। उसे परिजन निजी अस्पताल ले गए। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# पार्षद ने मांगा महापौर-निगम कमिश्नर से पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही इंदौर में पानी कि किल्लत शुरू हो गई है। कई जगह पानी की समस्या देखने को मिली है। इसके कारण लोगों ने विरोध भी जताया और प्रदर्शन भी किया। ऐसी ही स्थिति वार्ड 75 में भी आ रही है, जिसके चलते यहां के पार्षद ने महापौर और नगर निगम कमिश्नर से पानी मांगा है। उन्होंने कुछ दिनों पहले ही दोनों को लेटर भी लिखा है और 10 पानी के टैंकरों की मांग की है, ताकि लोगों को पानी उपलब्ध करा सके। दरअसल, शहर में कई जगह पानी की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। शहर में कई जगह गर्मी के दिनों में टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाती है, ताकि लोगों को पानी मिल सके। वार्ड 75 में भी पानी की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। इसे देखते हुए पार्षद कुणाल सोलंकी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को लेटर चुके है और लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए 10 टैंकरों की मांग कर चुके है। पार्षद सोलंकी का कहना है कि गर्मी में पानी की गंभीर समस्या रहती है वार्ड का क्षेत्रफल भी काफी बड़ा और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण रहवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई के लिए उन्होंने 6 छोटे और 4 बड़े टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि लेटर लिखे जाने के बाद भी उन्हें टैंकर उपलब्ध नहीं हुए है। पार्षद सोलंकी का कहना है कि गर्मी में वार्ड की स्थिति देखते हुए फिलहाल उन्होंने खुद ही टैंकर की व्यवस्था की है, लेकिन ये व्यवस्था भी पूरी नहीं पड़ रही है। उनका कहना है कि वार्ड में कई जगह नर्मदा की सप्लाई नहीं है, वहीं वार्ड में कई जगह बोरिंग भी गर्मी की वजह से सुखने लगे है।

# नगर निगम ने तोड़ा तीन मंजिला मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम ने मंगलवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए साउथ टोड़ा क्षेत्र में जी+3 निर्माण को जमींदोज कर दिया। यह निर्माण स्वीकृति के विपरीत किया जा रहा था, जिसे नोटिस के बावजूद नहीं हटाया गया।**



जानकारी के मुताबिक यह निर्माण करीब 3 हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में किया जा रहा था। झोन क्रमांक 11 के बिल्डिंग ऑफिसर गीतेश तिवारी ने बताया कि भूखंड स्वामी शफी शेख द्वारा स्वीकृति के विपरीत निर्माण किया गया था। ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर कमरे बना दिए गए थे। इसके अलावा फ्रंट के एमओएस (मार्जिन ओपन स्पेस) में भी नियमों का उल्लंघन किया गया था। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम के साथ दो थानों का पुलिस बल भी मौजूद रहा। पूरी कार्रवाई में तीन पोकलेन और दो जेसीबी मशीनें लगाई गईं। हालांकि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध या विवाद सामने नहीं आया। अधिकारियों के अनुसार, भूखंड स्वामी को सुनवाई का अवसर देने के साथ ही निर्माण हटाने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। 15 दिन बीतने के बाद भी निर्माण नहीं हटाया गया, जिसके चलते निगम को कार्रवाई करनी पड़ी।

# पिता को सिर-पेट में मारा चाकू हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बेटे ने ही अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता का अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि आरोपी फरार है। खास बात यह है कि आरोपी को तीन दिन पहले ही पुलिस ने पकड़कर छोड़ा था।**

परिजनों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे सागर घर पहुंचा और घर का सामान फेंकने लगा। पिता अनिल ने उसे रोकने की कोशिश की, तो सागर ने पहले चाकू के हत्थे से सिर पर वार किया और फिर पेट में चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से अनिल ठाकुर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में बेटी भक्ति ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 23 अप्रैल को इलाके में विवाद के दौरान पुलिस ने सागर ठाकुर को पकड़ा था। उसे रूबिना मिजवानी की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सामान्य मुचलके पर छोड़ दिया गया। अब इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। सागर ठाकुर के खिलाफ पहले से करीब 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, अवैध हथियार और नशे से जुड़े केस शामिल हैं। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है।

**असम के काजीरंगा से कान्हा टाइगर रिजर्व में 4 जंगली भैंसों का हुआ सफल पुनर्स्थापन**

# प्रदेश में जंगली भैंसा प्रजाति का पुनर्स्थापन एक ऐतिहासिक अवसर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में संचालित जैव विविधता संरक्षण के अगले अध्याय के रूप में आज जंगली भैंसा पुनर्स्थापना योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कान्हा टाइगर रिजर्व में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम से लाए गए जंगली भैंसों के पुनर्स्थापना के लिए उन्हें बालाघाट जिले के सूपखार क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की धरती पर नए मेहमान के शुभ आगमन के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी।**





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ कर मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। लगभग 100 वर्ष के बाद प्रदेश की धरती पर जंगली भैंसा का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना कार्य हो रहा है। यह मध्यप्रदेश के वन्य-जीव एवं वन पारिस्थितिक संरक्षण के लिए अद्भुत अवसर है। जंगली भैंसा के पुनर्वास से घास के मैदान के संरक्षण और इको सिस्टम को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विलुप्त प्रजातियां के वन्य-जीवों को मध्यप्रदेश में वापस लेकर आ रही है। इससे जंगल, वन्य प्राणियों से समृद्ध होगा और स्थानीय स्तर पर टूरिज्म से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जंगली भैंसों की ट्रांसलोकेशन से असम के साथ मध्यप्रदेश का एक नया रिश्ता कायम हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि असम यात्रा के दौरान उनकी असम के मुख्यमंत्री डॉ. हेमंत विस्वा सरमा के साथ जंगली भैंसों और गैंडा के पुनर्वास को लेकर सार्थक चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि बालाघाट जिले के जंगल में छोड़े गए जंगली भैंसों में तीन मादा और एक नर शामिल है। सभी जंगली भैंसा युवा अवस्था में हैं और स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज टाइगर और चीता स्टेट है, मध्यप्रदेश में मगरमच्छ, घड़ियाल और भेड़िया भी पर्याप्त संख्या में पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश अब "वल्चर स्टेट" यानी गिद्ध स्टेट भी बना है। मध्यप्रदेश की धरा हर तरह के वन्य प्राणियों से समृद्ध है। कई सौ साल पहले विलुप्त हुए पर प्राणियों के पुनर्स्थापना से प्रदेश के समृद्ध वनों में वन्य प्राणियों के संरक्षण का सपना साकार हो रहा है। मध्यप्रदेश वन्य प्राणी संरक्षण में देश में मिसाल प्रस्तुत कर रहा है। हमारा यह प्रयास भावी पीढ़ियों को लाभ देगा। राज्य सरकार प्रदेश में अधोसंरचना विकास कार्यों को गति देने के साथ ही पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत बनाने के लिए सम्पूर्ण निष्ठा के साथ निर्णय ले रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर कमलों से वर्ष 2022 में चीतों का पुनर्वास हुआ। आज कूनो अभयारण्य के बाद गांधी सागर अभ्यारण्य में भी चीते दौड़ लगा रहे हैं। सागर के पास नोरादेही अभयारण्य में भी चीतों को बसाने की पूरी तैयारी है। यह सभी कार्य प्रदेश के लिए धरोहर होंगे। इस अवसर पर सांसद श्रीमति भारती पारधी, श्री भगत सिंह नेताम सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उमा बोलीं-आरक्षण कोई माई का लाल नहीं छीन सकता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। राजधानी के जम्बूरी मैदान में पूर्व सीएम उमा भारती ने आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने मंगलवार को राजा हिरदे शाह लोधी की शौर्य यात्रा में कहा- देश में सामाजिक बराबरी के लिए आरक्षण जरूरी है। उमा भारती ने कहा- जब तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस के परिवार के लोग एक साथ सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ेंगे, तब तक आरक्षण कोई माई का लाल नहीं छीन सकता। उमा ने कहा कि भारतीय समाज लंबे समय तक जातिगत आधार पर बंटा रहा और आर्थिक असमानताएं गहरी रहीं। ऐसे में आरक्षण उस विषमता को कम करने का एक बड़ा प्रयास है। बराबरी सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव से आएगी। आरक्षण के मसले पर 12 जून 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी बयान दिया था। शिवराज अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा भोपाल में आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा था- हमारे रहते हुए कोई माई का लाल आरक्षण खत्म नहीं कर सकता। नया कानून आने तक यह जारी रहेगा।

## ट्रक-पिकअप की भिड़ंत, 2 की मौत

**पचोर, एजेंसी**। सोमवार रात ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिला की मौत और 21 लोग घायल हो गए। घायलों में यादव परिवार के सदस्य शामिल हैं, जो खुजनेर के मवासा गांव से ब्यावरा के बरखेड़ा मामेरा लेकर जा रहे थे। टक्कर पचोर की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने मारी। शाजापुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भगवती बाई पति चंद्र सिंह निवासी मवासा और अवंती बाई पति गोपाल निवासी मवासा,जिला राजगढ़ के रूप में हुई है।

**उज्जैन में पानी के टैंकर को आयशर ने मारी टक्कर**

## अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त, मशक्कत के बाद ड्राइवर को निकाला, इंदौर ले जाते वक्त मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन जिले के नलवा में मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में आयशर वाहन के चालक की मौत हो गई। बड़नगर रोड स्थित एवी एग्रो प्लांट के सामने आयशर और पानी के टैंकर के बीच टक्कर हुई थी।**

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, चावल से भरा आयशर वाहन सामने चल रहे पानी के टैंकर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आयशर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में फंस गया।



मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को वाहन से बाहर निकाला। घायल चालक को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन के चरक भवन में रखा है। हादसे की सूचना मिलते ही चिंतामन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है।

**गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया जारी**

## 2 हजार 547 करोड़ रूपए की राशि भुगतान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 27 अप्रैल को विधानसभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने के संकल्प के लिए मंत्रि-परिषद की महिला सदस्यों ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अभिनंदन किया।**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, नगरीयविकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी तथा पंचायत और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने पुष्प-गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया। मध्यम और बड़े किसानों को स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई। इस श्रेणी के 1 लाख 60 हजार 261 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई तक की गई है। प्रदेश में अब तक कुल 9.49 लाख स्लॉट बुक हुए हैं जिनमें 4.49 लाख किसानों ने अपनी फसल बेची है। अब तक कुल 19.31 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हो चुका है, जिसके लिए 2 हजार 547 करोड़ रूपए की राशि भुगतान की जा चुकी है। प्रत्येक शनिवार के अवकाश दिवस में भी स्लॉट बुकिंग और उपार्जन जारी रहेगा। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 प्रति केन्द्र की गई है। किसान को तहसील के स्थान पर जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा दी गई।

## पापा के दोस्त गलत तरीके से छूते थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी**। सिटी कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और शोषण का मामला सामने आया है। लंबे समय से प्रताड़ित हो रही पीड़िता ने सोमवार रात हिम्मत जुटाकर चाइल्ड हेल्प लाइन पर सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फिरोज सलीम खान के रूप में हुई है, जो पीड़िता के पिता का दोस्त है। आरोपी का परिवार में आना-जाना था और इसी भरोसे का फायदा उठाकर वह नाबालिग से गलत हरकत करता था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2025 में एक यात्रा के दौरान आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की थी। डर के कारण तब चुप रही। इसके बाद वह मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित करने लगा।

## संपादकीय

# सड़कों पर धार्मिक अवरोध को सुप्रीम कोर्ट की 'ना'

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है और किसी भी धार्मिक समुदाय को पूजा-पाठ करने के तरीके में स्वायत्तता है और अदालत उसके धार्मिक मामलों में फैसला नहीं सुना सकती है, लेकिन अगर किसी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि पर असर पड़ रहा है, तो सरकार उसके अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकती है। केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी की। पीठ में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एम एम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्य बागची शामिल थे। सुनवाई के नौवें दिन, अदालत में हिंदू धर्म आचार्य सभा का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता अक्षय नागराजन ने दलील दी कि सरकार अनुच्छेद 25(2)(क) के आधार पर किसी धार्मिक संप्रदाय के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। संविधान के अनुच्छेद 25(2)(क) के तहत राज्य को धार्मिक प्रथाओं से जुड़ी किसी भी आर्थिक, वित्तीय, राजनीतिक या अन्य धर्मनिरपेक्ष गतिविधि को विनियमित या प्रतिबंधित करने का अधिकार प्राप्त है। नागराजन ने कहा कि अनुच्छेद 25 के तहत मिलने वाला संरक्षण केवल धार्मिक आस्था के मामलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आस्था की बाहरी अभिव्यक्तियाँ भी शामिल हैं, जिनमें किसी विशेष देवता की पूजा से जुड़े अनुष्ठान, रीति-रिवाज, समारोह और प्रथाएं शामिल हैं। इन दलीलों के आधार पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की कि यदि किसी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि पर धार्मिक गतिविधियों का प्रभाव पड़ता है तो राज्य हस्तक्षेप कर सकता है। उन्होंने कहा, ''मान लीजिए कोई मंदिर है, वे वार्षिक उत्सव मनाना चाहते हैं, जैसे कि वार्षिक रथ यात्रा। आप मंदिर के आसपास की सभी सड़कों को अवरुद्ध नहीं कर सकते। इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। आप अपनी धार्मिक गतिविधि कर सकते हैं, लेकिन सड़कों को अवरुद्ध करके नहीं। राज्य नियमन के लिए हस्तक्षेप कर सकता है।'' न्यायमूर्ति नागरत्ना ने जोर देकर कहा कि यद्यपि न्यायालय किसी धार्मिक समुदाय के धार्मिक मामलों पर निर्णय नहीं दे सकता क्योंकि संविधान के तहत उस समुदाय को स्वायत्तता दी गई है, लेकिन जब धर्मनिरपेक्ष गतिविधियां प्रभावित होती हैं, तो राज्य हस्तक्षेप कर सकता है।

## ज्ञान-विज्ञान

# अफ्रीका महाद्वीप 2 हिस्सों में टूट रहा

### सोच से बड़ी हो चुकी है धरती के क्रस्ट की दरार, वैज्ञानिकों की बढ़ी टेंशन

**अफ्रीका में जमीन के नीचे एक बड़ी भूगर्भीय हलचल हो रही है, जिसके चलते यह विशाल महाद्वीप को दो हिस्सों में टूट रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि पूर्वी अफ्रीका क्षेत्र में धरती की पपड़ी (Crust) बहुत ज्यादा पतली हो गई है, जो महाद्वीप के टूट की ओर इशारा करती है। इस स्टडी के नतीजे नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुए थे।**



### एक दूसरे से दूर जा रही प्लेटें

तुर्काना रिफ्ट केन्या और इथियोपिया में लगभग 500 किमी तक फैला हुआ है। यह विशाल पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली का हिस्सा है, जो उत्तर पूर्वी इथियोपिया में अफार डिप्रेशन से लेकर मोजाम्बिक तक फैली हुई है। यह अरब और सोमाली प्लेटों को अलग करती है। इस क्षेत्र में अफ्रीकी और सोमाली प्लेटें 4.7 मिलीमीटर प्रतिवर्ष की दर से धीरे-धीरे एक-दूसरे से दूर जा रही हैं।

### धरती के अंदर बढ़ रही दरार

वैज्ञानिकों के अनुसार, जैसे-जैसे यह अलगाव होता है, जमीन की पपड़ी पर तनाव पड़ता है, जिसके कारण सतह मुड़ जाती है और उसमें दरारें पड़ जाती हैं। हालांकि, सभी दरारें महाद्वीपों को अलग नहीं करती हैं, लेकिन तुर्काना की दरार उसी तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है। वैज्ञानिकों ने यहां बहुत ज्यादा पतली क्रस्ट का पता लगाया है।

### वैज्ञानिकों की सोच से भी ज्यादा बड़ी दरार

कोलंबिया यूनिवर्सिटी की लैमोंड-डोहर्टी अर्थ ऑब्जर्वेटरी के पीएचडी छात्र और स्टडी के प्रमुख लेखकर क्रिश्चियन रोवन ने बताया कि दरार की प्रक्रिया पहले की तुलना में कही अधिक उन्नत है और क्रस्ट पहले से कहीं अधिक पतली है। उन्होंने कहा, पूर्वी अफ्रीका में दरार की प्रक्रिया सोच से कहीं अधिक आगे बढ़ चुकी हैं।

स्टडी के नतीजे बताते हैं कि दरार के केंद्र में पपड़ी (Crust) की मोटाई लगभग 13 किलोमीटर है। वहीं, इससे दूर यह 35 से अधिक हो जाती है। यह नाटकीय अंतर नेकिंग(nechking) की ओर इशारा करता है। नेकिंग एक महत्वपूर्ण टेक्टोनिक चरण का संकेत है, जो बताता है कि धरती की पपड़ी बीच से कैसे खिंचती और पतली होती है।

### बनेगा एक नया महासागर

हालांकि, यह बदलाव बहुत लंबे समय में होते हैं। तुरकाना रिफ्ट लगभग 4.5 करोड़ साल पहले खुलना शुरू हुआ था। शोधकर्ताओं का मानना है कि लगभग 40 लाख साल पहले बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी विस्फोट के बाद नेकिंग शुरू हुई। इसका अगला चरण ओशनाइजेशन कहा जाता है- यानी महासागर का बनना। इसके शुरू होने में अभी लाखों साल सककते हैं। उस चरण में दरारों से मैग्मा ऊपर उठेगा और समुद्र तल पर नई जमीन बनाएगा। इस दौरान उत्तर में स्थित हिंद महासागर का पानी वहां भर सकता है।

पपड़ी जैसे-जैसे पतली होती जाती है, उतनी ही कमजोर भी होती जाती है। दरार पड़ने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। आखिरकार पपड़ी टूट जाती है। हम पपड़ी के टूटने की उस सीमा तक पहुंच गए हैं।

क्रिश्चियन रोवन, शोध छात्र, कोलंबिया यूनिवर्सिटी

Uttarpradesh

# गाजियाबाद : इंदिरापुरम की गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से बड़ी खबर सामने आई है. यहां इंदिरापुरम के अभय खंड स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में ऊंची-ऊंची लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा.**

इस घटना की सूचना मिलते ही सोसाइटी में हड़कंप मच गया. लोग अपने-अपने फ्लैटों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे. सोसाइटी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत



दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी.

मौके पर मौजूद चश्मदीदों के मुताबिक, आग करीब साढ़े आठ बजे दिखाई दी थी. इन लोगों का कहना है कि अंदर फ्लैट में किसी के फंसे होने की संभावना कम लग रही है. देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगते ही सोसाइटी में रहने वाले लोग तुरंत बाहर निकल आए.

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं. फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया. और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी है.

Bihar

# भागलपुर में ऑफिसर की हत्या करने वाले का एनकाउंटर...

## खुद को घिरता देख कर दी फायरिंग, 3 पुलिसकर्मी घायल

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर में कार्यकारी पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या के बाद पुलिस ने सख्त एक्शन लिया है. हत्या के महज 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी रामधनी यादव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया. इस मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. घटना के बाद इस कार्रवाई की चर्चा हो रही है.

दरअसल, मंगलवार को भागलपुर के सुल्तानगंज जिला परिषद कार्यालय में कार्यकारी पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात ने प्रशासनिक महकमे को झकझोर कर रख दिया था. घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी.

पुलिस को सूचना मिली कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी रामधनी यादव एक ठिकाने पर छिपा हुआ है. सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने उसे सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन रामधनी यादव ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी.

अचानक शुरू हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की. दोनों ओर से चली गोलियों में रामधनी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, मुठभेड़ के दौरान तीन पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गए.

घायल आरोपी और पुलिसकर्मियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामधनी यादव को मृत घोषित कर दिया. वहीं घायल पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है.

फिलहाल, पुलिस इस हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है.

Rajasthan

# शादी में डांस कर रही बिजनेसमैन की पत्नी की मौत

**जालोर, (एजेंसी)** राजस्थान के जालोर जिले के मोरसीम गांव में शादी समारोह में डांस कर रही बिजनेसमैन की पत्नी की मौत हो गई। बिंदौरी कार्यक्रम नाचते समय बिजनेसमैन की पत्नी अचानक गिर गई। परिजन तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया। घटना सोमवार रात बागोड़ा कस्बे की है। जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। मृतका दीपू (22) की चार महीने पहले ही शादी हुई थी। पति दिलीप कुमार का मुंबई में स्टील का बिजनेस है। शादी के बाद दीपू पहली बार ममेरे भाई-बहन की शादी में शामिल होने ननिहाल आई थी। डॉक्टरों ने बताया कि दीपू को हॉर्ट अटैक आया है, ऐसे में हॉर्ट की पंपिंग के लिए इंजेक्शन भी लगाए गए थे, लेकिन दीपू की सांसें थम गईं। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

Uttarpradesh

# मेरठ में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, एक महिला समेत 5 गिरफ्तार... मुख्य आरोपी फरार

**मेरठ, (एजेंसी)** मेरठ के रेलवे रोड क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी के मुताबिक यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई. पुलिस ने मंगलवार को भाटीपुरा देवपुरी इलाके में स्थित एक मकान पर छापा मारा. जहां से यह अवैध गतिविधि संचालित की जा रही थी. छापेमारी के दौरान मौके से माजिद मलिक, दानियाल उर्फ साहिल, शगुफ्ता खान, शाकिर और ताबिश को गिरफ्तार किया गया. पुलिस का कहना है कि ये सभी लोग इस रैकेट में अलग-अलग भूमिकाओं में शामिल थे. थाना प्रभारी जनार्दन प्रसाद ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क का मुख्य सरगना इरशाद पठान उर्फ पिंकू पठान है, जो फिलहाल फरार है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अपनी पत्नी शगुफ्ता खान और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अपने घर से इस रैकेट का संचालन करता था. बाकी आरोपी ग्राहकों की व्यवस्था करने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम करते थे. छापे के दौरान पुलिस ने चार मोबाइल फोन, एक सीसीटीवी डीवीआर, 4,200 रुपये नकद, एक स्कूटर और कुछ अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है. इन बरामद वस्तुओं को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है और इनके जरिए रैकेट के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है. पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है.

खेल

# शुभम दुबे ने राजस्थान के लिए छोड़ा 'इम्पैक्ट', फरेरा के साथ की साझेदारी, पंजाब को मिली पहली हार

**मुल्लांपुर, (एजेंसी)** यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक के बाद डोनोवान फरेरा तथा इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे शुभम दुबे के बीच शानदार साझेदारी की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। राजस्थान ने इस तरह पंजाब किंग्स का आईपीएल 2026 में अजेय अभियान रोक दिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने यशस्वी और फरेरा के अर्धशतकों और शुभम के शानदार योगदान की मदद से 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर मैच जीता।




पंजाब की आठ मैचों में यह पहली हार है। उसने छह मैच जीते हैं, जबकि उसका एक मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था। इस हार के बाद भी पंजाब 13 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। वहीं, राजस्थान की टीम नौ मैचों में 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम मौजूद है।

राजस्थान के लिए फरेरा ने 26 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए, जबकि यशस्वी ने 27 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के के सहारे 51 रन की पारी खेली। वहीं, शुभम ने 12 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए। शुभम और फरेरा के बीच पांचवें विकेट के लिए 77 रनों की अविजित साझेदारी हुई। पंजाब के लिए युजवेंद्र चहल ने तीन विकेट झटके, जबकि अर्शदीप सिंह को एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी बल्लेबाजी की। वैभव ने पहले ही ओवर में पंजाब के गेंदबाजों को दबाव में रखा और दमदार शॉट्स खेले। वैभव अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अर्शदीप की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। वैभव 16 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। वैभव के आउट होने के बाद यशस्वी ने ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर राजस्थान की पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। राजस्थान को ध्रुव जुरेल के रूप में दूसरा झटका लगा जो 20 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 16 रन बनाकर आउट हुए।

युजवेंद्र चहल ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर राजस्थान को तीसरा झटका दिया। चहल ने शानदार गेंदबाजी जारी रखते हुए राजस्थान को चौथा झटका दिया। चहल ने राजस्थान के कप्तान रियान पराग को आउट किया जो 16 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए। चार झटके लगने के बाद मैच राजस्थान के हाथ से निकल रहा था, लेकिन राजस्थान ने शुभम को इम्पैक्ट के तौर पर उतारा।

सिनेमा

# पैप्स को पोज दे रही थीं करिश्मा कपूर, बोलीं- ज्यादा जूम मत करना, यूजर्स ने किया रिएक्ट



करिश्मा के साथ वहां जावेद जाफरी, कोरियोग्राफर्स गीता कपूर और टैरेंस लुइस भी थे. शो के नए सीजन का पहला एपिसोड शूट होना था. मगर उससे पहले सभी जज पैप्स से मिले. फोटोज और वीडियो सेशन के बाद, जब सभी वहां से जाने लगे. तभी करिश्मा ने पैप्स से काफी सॉफ्ट आवाज में कहा, 'ज्यादा जूम मत करना.' करिश्मा कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ. इंस्टाग्राम और रेडिट पर यूजर्स ने एक बार फिर पैपराजी कल्चर पर सवाल खड़े किए. एक यूजर ने पैप्स के वीडियो-फोटो लेने के अंदाज पर अपनी नाराजगी जाहिर की. वहीं दूसरे ने लिखा कि करिश्मा को ये सब जवान मर्दों के सामने से कहना पड़ रहा है. हालांकि कई लोगों का ये भी मानना है कि करिश्मा ने पैप्स से चेहरे पर जूम ना करने की बात कही. ये पहला मौका नहीं जब किसी एक्ट्रेस ने पैप्स को गलत एंगल से वीडियो शूट करने के लिए टोका है. कुछ वक्त पहले जाह्नवी कपूर ने भी एक पॉडकास्ट में पैपराजी कल्चर पर सवाल खड़े किए थे. उन्होंने कहा था कि कई लोग बॉडी पार्ट्स पर गलत तरीके से जूम करके वीडियो निकालते हैं, जो काफी गलत चीज है. जाह्नवी के अलावा नोरा फतेही, मृणाल ठाकुर, मोना सिंह और माहिका शर्मा ने भी पैप्स को गलत एंगल से शूट करने के लिए टोका हुआ है.

## Highlights

1. **Transgenders have no legal right to collect traditional 'badhai': Allahabad High Court**
2. **Plea filed in SC for removal of 'Singham' officer from Bengal poll duty**
3. **TMC procured 700 artificial fingers to manipulate polls in Bhabanipur: Suvendu**
4. **Worker at Taj Mahal dismissed for making reel from restricted minaret area**
5. **Defamation case of 90-year-old woman adjourned to 2046 by Bombay HC, termed 'ego fight'**

# Canada approves first generic version of Ozempic made by India's Dr Reddy's

**NEW DEIHI, (Agency).** Health Canada has approved the first generic version of Danish drugmaker Novo Nordisk's blockbuster diabetes drug Ozempic made by Indian drugmaker Dr Reddy's Laboratories, its website showed on Tuesday.

Several drugmakers have been developing lower-cost versions of Novo Nordisk's diabetes drug Ozempic, driving down monthly prices for some users.

In March, India became the first major market to introduce copycat versions of semaglutide following the expiry of certain patent protections, prompting Novo Nordisk to cut prices for Ozempic and its obesity drug Wegovy in the country.

"Investors will follow the evolution of the market in Canada closely as a test case to see if and how generics can compete with branded peptides." said BMO Capital Markets analyst Evan Seigerman.

Swiss generic drugmaker Sandoz has said it plans to launch has said it plans to launch a generic version of




Novo Nordisk's diabetes drug Ozempic in Canada by June this year, positioning itself among the first wave of companies seeking to market copycat versions of the blockbuster GLP-1 therapy. The company said in November that it expected to be an early entrant in the space.

Novo Nordisk is meanwhile facing mounting sales pressure as rival Eli Lilly's GLP-1 drugs, Mounjaro and Zepbound, continue to gain market share, eroding the Danish drugmaker's early first-mover advantage in the GLP-1 market.

Canadian generic entry is likely to remain a localized headwind, Seigerman said, adding that strong U.S. intellectual property protections should prevent meaningful spillover, even as Ozempic faces growing competition from drugs such as Mounjaro.

Health Canada said it is reviewing eight other applications for generic semaglutide from different companies and expects to make more decisions in the coming weeks and months.

In Canada, many generic medications are 45% to 90% cheaper than the brand-name versions.

Dr Reddy's and Novo Nordisk did not immediately respond to Reuters' requests for comment.

# Tech Tonic | Paying more, getting more, but wanting less

**NEW DEIHI, (Agency).** There was a simpler time for India's telecom space. I'm old enough to remember an era when we had as many as 12 players, across GSM and CDMA technologies. Pricing wars were an obvious result when market contours are like this. Times have changed. The select telcos that remain now focus on increasing average revenue per user. Your postpaid bills and prepaid recharge costs are rising. There are many ways to go about this, and a sophisticated illustration of the last twelve months makes it clear, that telcos are trying it all. Bundling subscriptions, a pitch of value added services and network level features they hope will stem user churn (portability means there is little consumer loyalty, and in a way, rightly so).



I'll specifically note the headroom that tariff pricing changes give to telecom companies. Reliance Jio, for instance, is referring to something called "premium 5G". In an earnings call last week, Anshuman Thakur, who is head of strategy at Reliance Jio Infocomm said, "On the product side, the 5G premium services with our stack, we can offer. Now, some of this is being done on a trial basis. We need to ensure that we are fully regulatory compliant, but these products are ready for the market."

पार्षद कालरा के खिलाफ जनसुनवाई में पहुंचे लोग

# अवैध वसूली का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम की जनसुनवाई में मंगलवार को कुछ लोग पार्षद कमलेश कालरा की शिकायत लेकर पहुंच गए। उन्होंने पार्षद पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनसे 10 हजार रुपए की मांग की गई है। नहीं देने पर दुकान तोड़ने की बात कही थी। वे डिमांड पूरी नहीं कर पाए तो दुकानों को तोड़ दिया गया।

पार्षद कमलेश कालरा की दुकानों को लेकर की गई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसमें वे दुकानों को लेकर बातचीत कर रहे थे। शिकायतकर्ता विजय चौहान ने बताया कि हमारी 30-35 साल पुरानी दुकानें खातीवाला टैंक में महाकाल चौराहे के पास थी। पार्षद ने हमें अवैध वसूली के लिए धमकाया कि दस हजार रुपए महीना हमें दो, नहीं तो दुकान तोड़ दी जाएगी। नगर निगम की पीली गाड़ी भी आकर कहती थी, पार्षद से बात कर लो, नहीं तो दुकान तोड़ देंगे। विजय ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमने जब पार्षद से बात की और बताया कि हम गरीब व्यक्ति है इतना पैसा कहां से देंगे। हम पैसे नहीं दे पाए तो हमारे दुकानों को तुड़वा दिया गया। अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है। सांची पाइंट, प्रेस की दुकान, चाय की दुकान, कपड़ों पर रंग करने सहित ऐसी सात दुकानें यहां पर थी। चाय की दुकान संचालित करने वाली अनिता बाई ने बताया कि हमें दुकान तोड़ने की धमकी दी। नगर निगम की पीली गाड़ियां आती थी। बोले पार्षद से बात कर लो। दस हजार देने का बोला था, नहीं दे पाए तो दुकान तोड़ दी। मेरे पति की मौत को दो महीने भी पूरे नहीं हुए और मुझसे दस हजार रुपयों की डिमांड की जा रही थी। मैं कहां से देती। मैं परिवार चलाऊं या उन्हें पैसा दूं।



नगर निगम की जनसुनवाई में मंगलवार को 45 मामले आए। इसमें दीप पैलेस, निपानिया मेन रोड के कुछ रहवासी भी शिकायत लेकर पहुंचे। रहवासी आशीष शर्मा ने बताया कि तीन से चार बार आ चुके हैं, लेकिन शिकायत का निराकरण नहीं हुआ है। ये कॉलोनी 96 की है, तब ही टीएनसी अप्रूव कॉलोनी है। यहां के नक्शे भी कुछ सालों पहले तक 60 फीट रोड पर ही सेग्शन हुए। रजिस्ट्रियां भी वैसे ही हुई। प्रशासन ने कह दिया है कि मास्टर प्लान की ये रोड 60 फीट नहीं 100 फीट ही बनेगी। कई लोगों ने यहां पर नए कंस्ट्रक्शन भी किए हैं। रहवासियों की इसमें क्या गलती है। कई लोगों की यहां पर कमर्शियल प्रॉपर्टी है।

## संविधान संशोधन को अंतिम मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। डेली कॉलेज के आगामी चुनाव को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। फर्म एंड सोसायटी ने कॉलेज के नए संविधान संशोधन को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है, जिसकी आधिकारिक प्रति मुख्य चुनाव अधिकारी और हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस सुशील गुप्ता के पास पहुंच गई है।

शासन की इस हरी झंडी के साथ ही अब यह तय हो गया है कि इस बार चुनाव प्रक्रिया नए नियमों के तहत ही संपन्न कराई जाएगी। नए बदलावों के बाद अब निर्वाचन का दायरा सीमित हो गया है और केवल दो श्रेणियों के लिए ही वोट डाले जाएंगे। संशोधित संविधान के प्रावधानों के अनुसार, अब चुनाव मुख्य रूप से 'न्यू डोनर कैटेगरी (2B2)' और 'पुराने डोनर कैटेगरी (2B1)' के लिए आयोजित किए जाएंगे। जहां पुराने डोनर्स की श्रेणी से दो सदस्यों का चयन मतदान के जरिए होगा, वहीं न्यू डोनर कैटेगरी के लिए भी चुनावी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम 4 मई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "युवा संगम" कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 4 मई 2026 को जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला उद्योग केन्द्र परिसर) इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के अवसरों के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं स्वरोजगार योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक अवसरों से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि मेले में अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें एलबीजी स्टील, डिस्टिल एजुकेशन, डी टी इंडस्ट्रीज़, आईटीएल इंडस्ट्रीज़, मोज़ेक प्राइवेट लिमिटेड, कोडरविंग तथा डिजी रिएक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा 300 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी इंजीनियर, बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, बीपीओ, लोडर सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर आदि विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतनमान पर रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक